**मानव विज्ञान और मानव जाति विज्ञान सम्बन्धी विश्व कांग्रेस**

1157 **श्री दयाराम शाक्य** क्या **शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या भारत सरकार ने वर्ष 1978 मे भारत मे मानव विज्ञान तथा मानव जाति विज्ञान सबधी अन्तर्राष्ट्रीय विश्व काग्रेस आयोजित करने के लिए एक राष्ट्रीय समिति गठित की है ,

(ख) क्या राष्ट्रीय समिति की पहली बैठक सितम्बर, 1976 मे दिल्ली में हुई थी, और

(ग) यदि हा, तो दिल्ली मे हुए सम्मेलन मे किन बातो पर चर्चा की गई थी ?

**शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति मंत्री (डा० प्रताप चन्द्र चन्द्र)** (क) जी, हा।

(ख) जी, हा ;

(ग) ये चर्चाए सम्मेलन (काग्रेस) की तारीखो, शारीरिक मानव विज्ञान और मानव-जीव विज्ञान, भाषा-विज्ञान, आर्थिक मानव-विज्ञान, मनोवैज्ञानिक मानव-विज्ञान, मानव-जाति-विज्ञान आदि से सबधित चर्चा के क्षेत्रो, सम्मेलन (काग्रेस) सम्मेलन के बाद के (पोस्ट काग्रेस) अधिवेशनो के लिए स्थान, प्रकाशनो, विभिन्न उप-समितियो के गठन तथा अन्य सगठनात्मक मामलो के सबध मे थी ।

**वसूल किए गए खाद्यान के लिए किराए पर लेने हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के पक्के मकान**

1158 **श्री दया राम शाक्य** : क्या **कृषि और सिंचाई** मंत्री यह बताने की कृप करगें कि :

(क) क्या सरकार देश के ग्रामीण क्षेत्रो मे किसानो के बडे-बड़े पक्के मकानों को किराये पर लेकर उनमे भारतीय खाद्य निगम द्वारा उन्ही ग्रामीण क्षेत्रो में वसूल किये गये खाद्यान्न को भण्डार करने के प्रश्न पर विचार करेगी ,

(ख) क्या यह सच है कि उपरोक्त योजना ग्राम प्रधानो, सरपचो ग्राम सेवको और ब्लाक प्रमुखो की सहायता से आसानी से लागू की जा सकती है ; और

(ग) यदि प्रश्न के भाग (क) और (ख) का उत्तर स्वीकारात्मक है तो, इस योजना मे किसानो और सरकार दोनो के लाभ को ध्यान मे रखते हुए सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है ?

**कृषि तथा सिंचाई मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भानु प्रताप सिंह)** : (क) जी नही ।

(ख) और (ग). प्रश्न ही नही उठते ।

**बेतवा नदी बोर्ड की बैठक**

1159 **श्री लक्ष्मी नारायण नायक** : क्या **कृषि और सिंचाई** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या बेतवा नदी बोर्ड की बैठक दिनाक 17 सितम्बर, 1977 को दिल्ली मे हुई थी और यदि हा, तो उस बैठक में किन व्यक्तियो ने भाग लिया,

(ख) इस बैठक मे क्या निर्णय किये गये ,

(ग) बोर्ड ने राजघाट परियोजना के अतिरिक्त अन्य किन योजनाओं को अपनी कार्यसूची मे सम्मिलित किया है ;

(घ) क्या बेतवा नदी बोर्ड अपनी कार्यसूची में मध्य प्रदेश मे टीकमगढ़ जिले में ओरछा के निकट बेतवा नदी पर जामने

ओरछा पन बिजली बांध को, जिसका सर्वेक्षण पूरा होने वाला है, सम्मिलित करेगा; और

(ड) राजघाट बांध की नहर का पानी किन-किन जिलो को प्राप्त होगा, तथा टीकमगढ़ जिले म कितनी एकड भूमि की सिचाई होने की सम्भावना है तथा टीकमगढ़ जिले में कितनी लम्बी नहर का सर्वेक्षण पूरा हो गया है?

कृषि और सिंचाई मंत्रालय मे राज्य मंत्री (श्री भानु प्रताप सिंह) (क) और (ख). जी, हां । इस बैठक मे लिए फैसलो और उसमे भाग लेने वालों के नाम विवरण मे दिए गए है । जो सभापटल पर रखा गया है । [ग्रन्थालय में रखा गया । देखिए संख्या एल टी—1146/77]

(ग) और (घ). बेतवा नदी बोर्ड एक सांविधिक बोर्ड है, जिसकी स्थापना मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की सरकारो की ओर से राजघाट बाध के निर्माण के लिए की गई है । इस बोर्ड के कार्य बेतवा नदी बोर्ड अधिनियम, 1976 की धारा 10 के अन्तर्गत निर्धारित किए गए हैं और इसलिए अन्य परियोजनाएं इसके कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत नही लाई जा सकती ।

(ङ) उत्तर प्रदेश में सिंचित किए जाने वाले प्रस्तावित क्षेत्र इस प्रकार है:—

| | |
|---|---|
| ललितपुर जिला | 61,619 हेक्टेयर |
| झांसी | 34,968 हेक्टेयर |
| जलौन | 45,496 हेक्टेयर |

जहां तक मध्य प्रदेश का सम्बन्ध है, राज्य सरकार ने सूचित किया है कि राजघाट बांध परियोजना से शिवपुरी, गुना, टीकमगढ़, ग्वालियर और भिंड जिलों को सिंचाई सुविधाएं प्राप्त होंगी । टीकमगढ़ जिले में लगभग 2800 हेक्टेयर क्षेत्र को लाभ पहुंचेगा और इस जिले मे नहर की लम्बाई 15 किलोमीटर होगी, विस्तृत सर्वेक्षण अभी किए जा रहे है ।

**Irrigation projects under construction**

1160. SHRI NIHAR LASKER:

SHRI F P. GAIKWAD.

Will the Minister of AGRICULTURE AND IRRIGATION be pleased to state

(a) the number of new irrigation projects to be taken up during the current financial year in the country;

(b) the number of irrigation projects which are under construction at present, and

(c) the estimated cost of the new irrigation projects to be met both by Centre and States?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE AND IRRIGATION (SHRI BHANU PRATAP SINGH). (a) The State Governments have proposed to start work on 15 major, 55 medium and a large number of minor irrigation works during the current year.

(b) Major and medium irrigation projects numbering 230 which spilled over from earlier plans and 216 projects already cleared and a large number of minor irrigation works are in different stages of construction at present.

(c) The State Governments have provided an outlay of Rs. 863 crores for major and medium projects for the current year. This is proposed to be increased by Rs. 125.75 crores comprising Rs. 100 crores as advance plan assistance by the Centre and Rs. 25 75 crores to be provided by certain States from their own resources to accelerate the progress on selected on-going schemes as well as making new starts.